


मानननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी, एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षाः जी20 सम्मेलन के दौरान

खण्ड IV :: अंक IX | जुलाई-सितंबर 2023

# बीपीआरएंडी बुलेटिन

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार



## महानिदेशक की कलम से.......

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो में यह तिमाही विभिन्न प्रकार के सम्मेलनों के आयोजनों से परिपूर्ण रही, जिसमें ब्यूरो ने जहां बहुप्रतिष्ठित एवं बहुप्रचारित जी–20 के एनएफटी, एआई एवं मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा के सम्मेलन में भाग लिया तथा NCR&IC ने उपस्करों को प्रदर्शित करने वाला एक स्टॉल लगाया, वहीं दूसरी ओर कारागार प्रमुखों के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन जेल विभाग, आंध्र प्रदेश के सहयोग से विशाखापट्टनम में आयोजित किया गया। इस अवधि में ब्यूरो ने राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस, CAPFs एवं CPOs के कार्मिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर और उनके खान–पान में गुणात्मक परिवर्तन हेतु 'अखिल भारतीय पुलिस श्री अन्न संगोष्ठि 2023' का आयोजन किया, जिसमें पद्म श्री डॉ. खादर वल्ली ने प्रतिभागियों को मिलेट की विशेषताओं के बारे में अवगत कराया। ब्यूरो ने अपना 53वां स्थापना दिवस भी इसी अवधि में मनाया। लगभग एक माह तक चले आयोजन में ब्यूरो के सभी प्रभागों ने खेल–कूद एवं विविध गतिविधियों में भाग लिया, जिसका समापन 05 सितंबर, 2023 को माननीय केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय कुमार भल्ला जी के आशीष वचनों से हुआ।

यह अवधि हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए भी काफी महत्वपूर्ण रही, जिसमें नराकास दक्षिणी दिल्ली–1 की द्वितीय बैठक करने के साथ–साथ नराकास सदस्य कार्यालयों के लिए हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन प्रमुख रहा। इस कार्यक्रम का उत्कर्ष तीसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के रूप में हुआ जिसमें गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के विशेष अनुरोध पर ब्यूरो ने अपना स्टॉल स्थापित कर ब्यूरो द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई, जिसे उद्घाटन एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

बौद्धिक क्षमता निर्माण के क्षेत्र में भी यह अवधि ब्यूरो के प्रयासों में अविस्मरणीय रहेगी, जिसमें ब्यूरो ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधी नगर, गुजरात के साथ अध्ययन साझेदारी एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्र में MoU पर हस्ताक्षर किए। यह अवधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दौरान ब्यूरो के 3 प्रशिक्षण संस्थानों केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल, तथा जयपुर एवं चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थानों को CBC द्वारा National Standards Accreditation Certificate मिला। इस प्रकार से ब्यूरो के 6 प्रशिक्षण संस्थानों में से केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद सहित 4 संस्थानों को अब तक Accreditation मिल चुका है।

यह सभी कार्य कठिन थे परंतु ब्यूरो मुख्यालय एवं बाहरी यूनिटों में कार्यरत कुशल, प्रशिक्षित, कर्मठ तथा समर्पित अधिकारियों एवं कार्मिकों के सहयोग से यह सुगम हो पाया।

Balaji
(बालाजी श्रीवास्तव)



मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी, बीपीआरएंडडी आगंतुक पुस्तिका पर अपने विचार व्यक्त करते हुए





## जी20 सम्मेलनः एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा

दिनांक 13 जुलाई, 2023 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, निदेशक, सीएपीटी भोपाल, और निदेशक (आधुनिकीकरण) ने ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन में भाग लिया। जिसका उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी द्वारा किया गया। बीपीआरएंडडी के तहत NCR&IC ने CCPWC योजना के तहत 6 संस्थानों के 20 उपकरणों को प्रदर्शित करने वाला एक स्टॉल भी स्थापित किया।



माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी साइबर सुरक्षा पर, जी20 सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए



माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी, जी20 सम्मेलन में उपस्थित वैश्विक विशेषज्ञों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए

## राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के जेल प्रमुखों के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन समारोह

दिनांक 11 सितंबर, 2023 को सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के जेल प्रमुखों के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्र ने आंध्र प्रदेश की माननीय गृह मंत्री, श्रीमती तनेती वनिता की उपस्थिति में विशाखापत्तनम में किया। महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और देश भर से आए 99 प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसका आयोजन आंध्र प्रदेश जेल विभाग के सहयोग से बीपीआरएंडडी द्वारा किया गया। ●



राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के जेल प्रमुखों के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी का स्वागत



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी का समारोह में स्वागत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए




समारोह में उपस्थित माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी, माननीय गृह मंत्री, आंध्र प्रदेश, श्रीमती तनेती वनिता जी, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी, माननीय गृह मंत्री, आंध्र प्रदेश, श्रीमती तनेती वनिता जी एवं महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव समारोह के उपरांत

## राज्यों और केन्द्र शासित के जेल प्रमुखों के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों के प्रमुखों का दो दिवसीय 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 12 सितंबर, 2023 को संपन्न हुआ। आंध्र प्रदेश के माननीय राज्यपाल, श्री एस अब्दुल नज़ीर ने विशाखापत्तनम में आंध्र प्रदेश की माननीय गृह मंत्री, सुश्री तनेती वनिता की गरिमामयी उपस्थिति में समापन भाषण दिया। तकनीकी सत्रों के दौरान प्रतिनिधियों ने व्यापक विचार–विमर्श किया, जिनमें प्रमुख थे, कैदियों की नशामुक्ति, भारत की जेलों में मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति, सुधारात्मक प्रशासन में प्रौद्योगिकी, जेलों में भीड़भाड़, कारावास का विकल्प, जेलों में महिलाएं और बच्चे–विशेष महिला जेल खूबियाँ और चुनौतियाँ जैसे विषय रहे। सम्मेलन में 24 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ●




राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों के प्रमुखों के दो दिवसीय 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह पर आंध्र प्रदेश के माननीय राज्यपाल, श्री एस अब्दुल नज़ीर जी गार्ड की सलामी लेते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, माननीय राज्यपाल, आंध्र प्रदेश, श्री एस अब्दुल नज़ीर जी का स्वागत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, माननीय गृह मंत्री, आंध्र प्रदेश, सुश्री तनेती वनिता जी का स्वागत करते हुए




माननीय राज्यपाल, आंध्र प्रदेश, श्री एस अब्दुल नज़ीर जी सहित अतिथियों द्वारा 'परिवर्तन' पुस्तिका का विमोचन

सितंबर, 2023

## पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का 53वां स्थापना दिवस समारोह

05.09.2023
नई दिल्ली

दिनांक 05 सितंबर, 2023 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का 53वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला जी थे। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि ने इंडियन पुलिस जनरल के दो संस्करणों का विमोचन किया तथा केन्द्रीय गृह मंत्री की प्रशिक्षण ट्रॉफी से विभिन्न श्रेणी में संस्थान के निर्देशकों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर ब्यूरो के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के इस वाक्य को दोहराया की बीपीआरएंडडी के बिना अच्छे पुलिसिंग की कल्पना नहीं की जा सकती। ●



महानिदेशक महोदय द्वारा मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला जी का बीपीआरएंडडी मुख्यालय में स्वागत




माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला जी द्वारा इंडियन पुलिस जरनल के दो संस्करणों का विमोचन



सर्वश्रेष्ठ संस्थान के लिए केंद्रीय गृह मंत्री ट्रॉफी के विजेताओं के साथ समूह फोटोग्राफ





अगस्त, 2023

## स्थापना दिवस समारोह–2023 समापन एवं पदक वितरण कार्यक्रम

28.08.2023
नई दिल्ली

दिनांक 28 अगस्त, 2023 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के 53वें स्थापना दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता ब्यूरो के महानिदेशक महोदय ने की। इसमें बीपीआरएंडडी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महानिदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मिकों को बधाई दी तथा ब्यूरो में दिनांक 14 अगस्त, 2023 से 28 अगस्त, 2023 तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। ●



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ



अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी बच्चों को मेडल और प्रशंसा प्रमाणपत्र से पुरस्कृत करते हुए



बीपीआरएंडडी के 53वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मैजिक शो का आयोजन

जुलाई, 2023

## विक्रेताओं/फर्मों द्वारा अपने नवीनतम उत्पादों और प्रौद्योगिकियों पर प्रस्तुति/प्रदर्शन

28.07.2023
नई दिल्ली

दिनांक 28 जुलाई, 2023 को अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी ने ब्यूरो मुख्यालय में आयोजित वेबिनार "विक्रेताओं/फर्मों द्वारा अपने नवीनतम उत्पादों और प्रौद्योगिकियों पर प्रस्तुति/प्रदर्शन" का उद्घाटन किया। देश के 60 से अधिक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने वेबिनार में भाग लिया, इसमें 5 कंपनियों ने बैरल निरीक्षण समाधान, टीथर ड्रोन सिस्टम, एनआईजे लेवल III बैलिस्टिक हेलमेट, एडवांस सुरक्षा सिस्टम और इमेज प्रोसेसिंग सिस्टम पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। ●



अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्रीमती अनुपमा निलेकर चंद्रा अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

## बीपीआरएंडडी अधिकारियों और कर्मचारियों की पारिवारिक यात्रा

दिनांक 29 जुलाई, 2023 को प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की यात्रा के लिए बीपीआरएंडडी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक पारिवारिक यात्रा का आयोजन किया गया। कुल 82 अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का भ्रमण किया। ●



प्रधानमंत्री संग्रहालय में पारिवारिक यात्रा का समूह फोटोग्राफ



राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में पारिवारिक यात्रा का समूह फोटोग्राफ



प्रधानमंत्री संग्रहालय में पारिवारिक यात्रा का समूह फोटोग्राफ





जुलाई, 2023

## हिंदी निबंध प्रतियोगिता

04.07.2023
नई दिल्ली

ब्यूरो द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली–1 के सदस्य कार्यालयों के लिए दिनांक 04 जुलाई, 2023 को हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सदस्य कार्यालयों से 35 अधिकारियों ने भाग लिया। ●




उप निदेशक (एसपीडी), बीपीआरएंडडी, श्री शशि कान्त उपाध्याय प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

जुलाई, 2023

## 'उन्नति @ तिहाड़' अनुसंधान अध्ययन के लिए एक समझौता ज्ञापन

06.07.2023
नई दिल्ली

बीपीआरएंडडी और दिल्ली जेल, दिल्ली एवं उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के बीच दिनांक 06 जुलाई, 2023 को मोडस ऑपरेंडी ब्यूरो (MOB), बीपीआरएंडडी के तहत 'उन्नति@ तिहाड़', दिल्ली जेल, तिहाड़ शीर्षक से अनुसंधान अध्ययन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ●



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान वरिष्ठ अधिकारीगण

जुलाई, 2023

## अखिल भारतीय पुलिस श्री अन्न संगोष्ठी – 2023

25.07.2023
नई दिल्ली

दिनांक 25 जुलाई, 2023 को, बीपीआरएंडडी मुख्यालय में "अखिल भारतीय पुलिस श्री अन्न संगोष्ठी – 2023" का आयोजन किया गया, जिसमें पद्मश्री डॉ. खादर वल्ली, जिन्हें "मिलेट मैन ऑफ इंडिया" के नाम से भी जाना जाता है, मुख्य अतिथि थे। डॉ. खादर वल्ली ने सभा को संबोधित किया और हाइब्रिड मोड में 700 से अधिक प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। ●




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, पद्मश्री डॉ. खादर वल्ली का "अखिल भारतीय पुलिस श्री अन्न संगोष्ठी – 2023" में स्वागत करते हुए

## राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के जेल प्रमुखों का 8वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन



राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के जेल प्रमुखों के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन का समूह फोटोग्राफ

## 53वां बीपीआरएंडडी स्थापना दिवस समारोह



53वां बीपीआरएंडडी स्थापना दिवस समारोह का समूह फोटोग्राफ

## कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनौती देने वाले मुद्दों पर प्रयासों से संबंधित समझौता ज्ञापन

दिनांक 31 जुलाई, 2023 को बीपीआरएंडडी ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनौती देने वाले मुद्दों पर प्रयासों को समन्वित करने के लिए बीपीआरएंडडी मुख्यालय में एनएफएसयू और आरआरयू गांधीनगर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, कैंपस निदेशक, एनएफएसयू, प्रो. पूर्वी पोखरियाल और आरआरयू के निदेशक (मान्यता एवं संबद्धता), कमांडर मनोज भट्ट (सेवानिवृत्त) ने भाग लिया।



बीपीआरएंडडी, नई दिल्ली और आरआरयू, गांधीनगर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान वरिष्ठ अधिकारीगण



बीपीआरएंडडी मुख्यालय और एनएफएसयू के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान वरिष्ठ अधिकारीगण

अगस्त, 2023

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली – 1 की द्वितीय बैठक

01.08.2023
नई दिल्ली

महानिदेशक बीपीआरएंडडी की अध्यक्षता में दिनांक 01 अगस्त, 2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली –1 की द्वितीय बैठक का आयोजन ब्यूरो मुख्यालय में किया गया, जिसमें नराकास के 55 सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों/प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्यूरो द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका **पुलिस विज्ञान** के अंक–147 का विमोचन महानिदेशक महोदय के कर–कमलों द्वारा किया गया।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव बैठक को संबोधित करते हुए




ब्यूरो द्वारा प्रकाशित छमाही हिंदी पत्रिका 'पुलिस विज्ञान' के 147वें अंक का विमोचन

अगस्त, 2023

### साइबर सुरक्षा हैक्थौन कवच–2023 का ग्रैंड फिनाले

08.08.2023
नई दिल्ली

महानिदेशक बीपीआरएंडडी ने दिनांक 08 अगस्त, 2023 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय में साइबर सुरक्षा हैकथॉन कवच–2023 के ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन किया। जिसमें अध्यक्ष, AICTE, प्रोफेसर डॉ. टी.जी. सीताराम, उपाध्यक्ष, AICTE, डॉ. अभय जेरे, अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, निदेशक (आधुनिकीकरण), बीपीआरएंडडी, CEO, I4C, गृह मंत्रालय, श्री राजेश कुमार उपस्थित थे। यह हैकथॉन बीपीआरएंडडी और I4C द्वारा पहचाने गए 20 समस्याओं पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी 5 नोडल केंद्रों ग्रेटर नोएडा, भोपाल, भुवनेश्वर, नवी मुंबई, बेंगलुरु, AICTE, सीडीटीआई और सीएपीटी ने वर्चुअल मोड के माध्यम से भाग लिया।



साइबर सुरक्षा हैकथॉन कवच–2023 के ग्रैंड फिनाले के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण

अगस्त, 2023

### साइबर सुरक्षा हैकथौन कवच–2023 का ग्रैंड फिनाले

10.08.2023
नई दिल्ली

दिनांक 10 अगस्त, 2023 को साइबर सुरक्षा हैकथॉन, कवच–2023 के ग्रैंड फिनाले का समापन समारोह, गृह मंत्रालय में आयोजित किया गया। निदेशक, आईबी, श्री तपन कुमार डेका और उच्च शिक्षा विभाग के सचिव ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और निदेशक, आईबी ने वर्चुअल मोड के माध्यम से सभी नोडल केंद्रों के हैकथॉन के विजेताओं के साथ बातचीत की। कार्यक्रम में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, निदेशक (आधुनिकीकरण), उप निदेशक (आधुनिकीकरण) और AICTC, I4C के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।



केन्द्रीय गृह मंत्रालय में साइबर सुरक्षा हैकथॉन, कवच–2023 के ग्रैंड फिनाले के समापन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण




निदेशक, आईबी, श्री तपन कुमार डेका वर्चुअल मोड के माध्यम से सभी नोडल केंद्रों के हैकथॉन के विजेताओं से बातचीत करते हुए

बीपीआरएंडडी
बुलेटिन

अगस्त, 2023

## पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का 53वां स्थापना दिवस

14.08.2023 - 28.08.2023
नई दिल्ली

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 14.08.2023 से 28 अगस्त, 2023 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



रस्साकशी के दौरान महिला प्रतिभागी



रस्साकशी के दौरान महिला प्रतिभागी



नींबू और चम्मच दौड़ के दौरान महिला प्रतिभागी



चित्रकला प्रतियोगिता के दौरान बच्चे

# बीपीआरएंडडी मुख्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

बीपीआरएंडडी मुख्यालय एवं अधीनस्थ इकाइयों में दिनांक 15 अगस्त, 2023 को 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस समारोह में ब्यूरो के सभी अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए और उसके पश्चात मिठाई का वितरण किया गया।



*77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीपीआरएंडडी मुख्यालय में आयोजित समारोह*



*77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीपीआरएंडडी मुख्यालय में अधिकारीगण*



*77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीपीआरएंडडी मुख्यालय में अधिकारीगण*

# पुलिस सेवा के लिए सराहनीय सेवा मेडल

77वें स्वतंत्रता दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति जी ने ब्यूरो में कार्यरत डॉ मंजूनाथ गोसल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी को पुलिस सेवा के सराहनीय सेवा मेडल से सम्मानित किया। यह ब्यूरो के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर ब्यूरो के महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव, सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर डॉ मंजूनाथ गोसल को बधाई दी।



डॉ मंजूनाथ गोसल

अगस्त, 2023

## हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

ब्यूरो के 53वें स्थापना दिवस समारोह के पूर्व कार्यक्रमों के अंतर्गत दिनांक 17 अगस्त, 2023 को "हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता" का आयोजन हिंदी अनुभाग द्वारा किया गया जिसमें ब्यूरो के 54 अधिकारियों/कार्मिकों ने भाग लिया।

17.08.2023
नई दिल्ली




निदेशक (एसपीडी), श्रीमती रुचिका ऋषि हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए

अगस्त, 2023

## चंद्रयान मिशन-3 देश की अभूतपूर्व उपलब्धि

ब्यूरो मुख्यालय में इसरो के वैज्ञानिकों के हौसला अफजाई तथा देश की अभूतपूर्व उपलब्धि चंद्रयान मिशन-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण दिनांक 23 अगस्त, 2023 को आयोजित किया गया, जिसमें ब्यूरो के महानिदेशक, अधिकारी एवं सभी कार्मिक देश की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के साक्षी बने। इस खुशी में ब्यूरो के सभी अधिकारियों/कार्मिकों को मिठाई वितरित की गई।

23.08.2023
नई दिल्ली






ब्यूरो मुख्यालय में चंद्रयान मिशन-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण

अगस्त, 2023

## सी.डी.टी.आई, बेंगलुरु का पहला पाठ्यक्रम

बीपीआरएंडडी ने "स्मार्ट पुलिसिंग" पर अपने पहले 3-दिवसीय (24 अगस्त, 2023 से 26 अगस्त, 2023) पाठ्यक्रम के साथ बेंगलुरु में अपने 6वें सीडीटीआई के रूप में कामकाज शुरू किया, जिसमें राज्यों और सीएपीएफ के 20 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महानिदेशक, कर्नाटक पुलिस (प्रशिक्षण), डॉ. पी. रवींद्रनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

24.08.2023 - 26.08.2023
बेंगलुरु




डॉ. पी. रवींद्रनाथ, महानिदेशक, कर्नाटक पुलिस (प्रशिक्षण) मुख्य अतिथि के रूप में





सितंबर, 2023

## आंतरिक सुरक्षा पर 6वें अंतरिक्ष - आधारित अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

एडीआरआईएन (ADRIN), इसरो के सहयोग से आंतरिक सुरक्षा पर 6वें अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोग पर 12 से 14 सितंबर तक एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम दिनांक 12 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग केंद्र (STAC), बीपीआरएंडडी मुख्यालय में शुरू हुआ। जिसमें राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों/सीएपीएफ और सीपीओ के कुल 24 अधिकारियों ने भाग लिया।

12.09.2023
नई दिल्ली



निदेशक (प्रशिक्षण) और उपनिदेशक (प्रशिक्षण) पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देते हुए

सितंबर, 2023

## हिन्दी दिवस समारोह 2023

हिन्दी दिवस समारोह – 2023 का शुभारंभ महानिदेशक, बीपीआरएंडडी द्वारा दिनांक 14 सितंबर, 2023 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय और बाह्य यूनिटों में किया गया। महानिदेशक महोदय ने इस अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी का संदेश पढ़कर सभी को सुनाया। इस अवसर पर ब्यूरो के महानिदेशक महोदय ने ब्यूरो और बाह्य यूनिट में अधिक से अधिक काम हिंदी में करने का निर्देश दिया तथा राजभाषा की नई पहल कंठस्थ, हिंदी शब्द सिंधु तथा लीला हिंदी प्रवाह ऐप के इस्तेमाल के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया।

14.09.2023
नई दिल्ली



निदेशक (एसपीडी), श्रीमती रुचिका ऋषि, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए

सितंबर, 2023

## तृतीय राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन

दिनांक 14 सितंबर, 2023 को तृतीय राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय मिश्रा जी द्वारा पुणे में किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में ब्यूरो द्वारा प्रकाशित हिन्दी पुस्तकों का स्टॉल लगाया गया जिसका भ्रमण माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री तथा संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक श्री रामचंद्र जांगड़ा द्वारा किया गया। तृतीय राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन के दूसरे दिन दिनांक 15 सितंबर, 2023, केरल के राज्यपाल, महामहिम श्री आरिफ मोहम्मद जी ने सम्मेलन में लगाई गई प्रदर्शनी में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के स्टाल का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्हें ब्यूरो द्वारा प्रकाशित सजग भारत की नवीनतम प्रति भेंट की गई।


14.09.2023
पुणे



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी ब्यूरो द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण करते हुए



संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक श्री रामचंद्र जांगड़ा जी ब्यूरो द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण करते हुए



महाराष्ट्र के राज्यपाल, महामहिम श्री आरिफ मोहम्मद जी ब्यूरो द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण करते हुए

सितंबर, 2023

## हिन्दी पखवाड़ा

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 19 सितंबर, 2023 को हिंदी टिप्पण, मसौदा लेखन एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 20 सितंबर, .2023 को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता विषय – आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी उत्पादों की महत्ता, पर आयोजित किया गया। दिनांक 21 सितंबर, 2023 को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष एवं प्रतिपक्ष में अपने विचार रखें और दिनांक 22 सितंबर, 2023 को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिन्दी सामान्य ज्ञान, शब्द – अर्थ, लघु निबंध (समूह घ से ग में आए कर्मियों के लिए) का आयोजन किया गया। ●

20.09.2023
नई दिल्ली



उप निदेशक, श्री शशि कान्त उपाध्याय हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए



हिंदी टिप्पण, मसौदा लेखन एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागीगण

सितंबर, 2023

## प्रशासनिक कार्यों में हिंदी का उपयोग–समस्या एवं समाधान पर एक कार्यशाला

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत 'प्रशासनिक कार्यों में हिंदी का उपयोग–समस्या एवं समाधान' विषय पर एक कार्यशाला दिनांक 26 सितंबर, 2023 को एवं "राजभाषा हिंदी में तकनीकी लेखन /कार्य" की विशेष कार्यशाला दिनांक 27 सितंबर, 2023 को आयोजित की गई। जिसमें मुख्यालय के अधिकारी एवं कार्मिक व्यक्तिगत रूप से तथा बाह्य संस्थाओं के अधिकारी एवं कार्मिक वेब के माध्यम से जुड़े। ●

26.09.2023
नई दिल्ली



प्रशासनिक कार्यों में हिंदी का उपयोग–समस्या एवं समाधान विषय पर चर्चा

सितंबर, 2023

## आईपी एड्रेस एनालाइज़र (आरडी 003) निष्पादन और सहयोग पर समझौता ज्ञापन

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तहत अनुसंधान एवं विकास परियोजना "आईपी एड्रेस एनालाइज़र (आरडी 003) को निष्पादित करने और सहयोग की रूपरेखा स्थापित करने के लिए बीपीआरएंडडी और आईआईटी बॉम्बे के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर दिनांक 26 सितंबर, 2023 को किए गए। ●

26.09.2023
नई दिल्ली



समझौता ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ अधिकारीगण



बीपीआरएंडडी
बुलेटिन

सितंबर, 2023

## हिन्दी पखवाड़े का समापन तथा राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो मुख्यालय में 'हिंदी पखवाड़े का समापन तथा राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह' का आयोजन दिनांक 29 सितंबर, 2023 को किया गया जिसमे मुख्यालय के अतिरिक्त बाह्य यूनिट के कार्मिक एवं अधिकारी वेब लिंक के माध्यम से जुड़े। ●

29.09.2023
नई दिल्ली




महानिदेशक, अपर महानिदेशक एवं अपर निदेशक (एसपीडी), बीपीआरएंडडी, राजभाषा पुरस्कार समारोह के दौरान

केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल को "उत्कृष्ट" तथा केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, चंडीगढ़ एवं जयपुर को राष्ट्रीय शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड द्वारा क्षमता निर्माण आयोग के राष्ट्रीय मानकों के मूल्यांकन के तहत "अति उत्तम" प्रशिक्षण संस्थान की मान्यता प्राप्त हुई। इससे पहले केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद को "उत्तम" प्रशिक्षण संस्थान की यह मान्यता प्राप्त हो चुकी है। ●



CAPACITY BUILDING COMMISSION

Certificate of Accreditation

NABET

The training institute **Central Academy for Police Training (CAPT), Bhopal** is accredited as उत्कृष्ट under the Capacity Building Commission's National Standards as assessed by National Accreditation Board of Education and Training (NABET).

The Accreditation shall remain in force subject to continued compliance with the National Standards. The accreditation needs to be renewed before the expiry date by the training institution following the due process of assessment.

Accreditation granted on **12/07/2023** is valid until **11/07/2025**

Secretary — Capacity Building Commission
Chairperson — Capacity Building Commission
Certificate No. APP/22/N00043



CAPACITY BUILDING COMMISSION

Certificate of Accreditation

NABET

The training institute **Central Detective Training Institute (CDTI), Jaipur** is accredited as अति उत्तम under the Capacity Building Commission's National Standards as assessed by National Accreditation Board of Education and Training (NABET).

The Accreditation shall remain in force subject to continued compliance with the National Standards. The accreditation needs to be renewed before the expiry date by the training institution following the due process of assessment.

Accreditation granted on **22/08/2023** is valid until **21/08/2025**

Secretary — Capacity Building Commission
Chairperson — Capacity Building Commission
Certificate No. APP/22/N00046



CAPACITY BUILDING COMMISSION

Certificate of Accreditation

NABET

The training institute **Central Detective Training Institutes (CDTIs), Chandigarh** is accredited as अति उत्तम under the Capacity Building Commission's National Standards as assessed by National Accreditation Board of Education and Training (NABET).

The Accreditation shall remain in force subject to continued compliance with the National Standards. The accreditation needs to be renewed before the expiry date by the training institution following the due process of assessment.

Accreditation granted on **18/08/2023** is valid until **17/08/2025**

Secretary — Capacity Building Commission
Chairperson — Capacity Building Commission
Certificate No. APP/22/N00041




बीपीआरएंडडी के 53वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि, माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला जी, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव जी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण

011-26782012
BPRDIndia
bprdindia
officialBPRDIndia
Bureau of Police Research & Development India
www.bprd.nic.in

**पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो**
**गृह मंत्रालय, भारत सरकार**
राष्ट्रीय राजमार्ग–48, महिपालपुर
नई दिल्ली – 110037
भारत